ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 07-11-2023

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-11-07 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-11-08	2023-11-09	2023-11-10	2023-11-11	2023-11-12
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	34.0	34.0	33.0	33.0	32.0
न्यूनतम तापमान(से.)	18.0	19.0	20.0	20.0	19.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	29	28	33	24
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	16	17	21	17	14
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	5	11	10	10	7
पवन दिशा (डिग्री)	216	258	7	60	182
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	1	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 32.0 से 34.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 18.0 से 20.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

गेहूं की फसल की बुवाई का उपयुक्त समय नवंबर के पहले सप्ताह से शुरू हो जाता है, इसलिए बुवाई के लिए हैरो से दो तीन बार जुताई कर पाटा लगाकर खेत को तैयार करें। जिन खेतों में दीमक का प्रकोप हो तो क्लोरपाईरिफॉस 20 ईसी 5 लीटर प्रति हैक्टर की दर से पलेवा के साथ दें।

लघु संदेश सलाहकार:

जीरे की फसल की बुवाई के लिए हैरो से दो तीन बार जुताई कर पाटा लगाकर खेत को तैयार करें व उन्नत बीज, खाद की व्यवस्था करें। बीज को बुवाई से पूर्व कवकनाशी, कीटनाशी व जैव उर्वरको से उपचारित करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	सरसों की फसल में आरा मक्खी और बगराड़ा किट का प्रकोप होने की संभावना हैं अतः क्युनालफ़ॉस 1.5 प्रतिशत 25 किग्रा /हेक्टेयर की दर से भुरकाव करें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
जौ	जौ की बुवाई का उचित समय 01 से 25 नवम्बर तक हैं बुवाई के लिए खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। आर डी 2794, आर डी 2715, आर डी 2552, आर डी 103 एंव बी एल 2 उन्नत किस्में है।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
जीरा	जीरे की फसल की बुवाई के लिए हैरो से दो तीन बार जुताई कर पाटा लगाकर खेत को तैयार करें। बुवाई हेतु उन्नत किस्मों के बीज का प्रबन्ध करें। आर.जेड-19, जी.सी-4, आर.जेड-209 व आर.जेड-223 उन्नत किस्में है।
मेंथी	मैथी की फसल के लिए अजमेर मेथी-3, RMT-I एंव RMT-305 उन्नत किस्मों की बुवाई करें। बुवाई हेतु 20-25 किलो बीज की प्रति हैक्टेयर के लिए आवश्यकता होती है। 40 किलो नत्रजन व 40 फास्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से बुवाई से पूर्व खेत मे दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	इस समय मौसम परिवर्तनशील रहने के कारण पशुओं को रात के समय छप्पर में बांधे।